गुजरात के औद्योगिक एककों द्वारा फैलाया गया प्रदूषण

775. **श्री मीर्जा इर्शादबेग** : क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गुजरात के बड़ौदा–अंकलेश्वर–वापी तथा वलसाड़–भावनगर क्षेत्रों में स्थित उद्योगों, विशेषतया रासायनिक तथा उर्वरक उद्योगों द्वारा बहुत खतरनाक सीमा तक प्रदूषण फैलाया जाता है तथा प्रदूषण-निवारण से संबंधित सभी नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में केन्द्रीय सरकार द्वारा क्या कार्यवाही किये जाने का विचार है ?

पर्यावरण और वन मंत्री (श्री जैड० आर० अन्सारी) : (क) और (ख) जी, नहीं । फिर भी इन क्षेत्रों में प्रदूषण नयंत्रण के लिए कार्रवाई की गई है । इनमें निम्नलिखित शामिल हैं :—

(1) एक निश्चित समयावधि में प्रदूषण नियंत्रण उपायों को अपनाने के लिए उद्योगो को सशर्त सहमति जारी की जाती है ।

(2) प्रदूषण फैलाने वाले बड़े उद्योगों के लिए मानक निर्धारित किए गए, हैं ।

(3) राज्य सरकार ने उद्योगों में सुरक्षा उपायों के निरीक्षण के लिए प्रत्येक बल और एक अधिकार प्राप्त समिति की नियुक्ति की है ।

(4) संबंधित उद्योगों का संकट योजना तैयार करनी होती है ।

(5) जिला कलेक्टरों ने रसायनिक उद्योगों में आपातकालिक परिस्थितियो से निपटने के लिए ऑफ साइट कार्य योजनाएं तैयार की है ।

(6) इण्डियन पेट्रोकेमिकल लिमिटेड जैसे बड़े औद्योगिक इकाइयों के पास सम्भावित दुर्घटनाओं के बचाव के लिए अपनीसंकट प्रबंध याजनाएं हैं ।

(7) अधिक दोषी उद्योगो के खिलाफ मुकदमें चलाए गए हैं ।

(8) पर्यावरज (सुरक्षा) अधिनियम, 1986 के अन्तर्गत केन्द्रीय सरकार ने पांच उद्योगो को बन्द करने के आदेश जारी किए हैं ।

पुरस्कारों तथा पदकों आदि पर राजभाषा में अभिलेख

776. **श्री मीर्जा उर्शादबेग** : क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विभिन्न मंत्रालयों द्वारा प्रदान किये जा रहे पुरस्कारो, सराहना प्रमाण-पत्रो तथा सरकारी पदकों पर राजभाषा का प्रयोग करने के बारे में स्थिति क्या है ; और

(ख) क्या इस संबंध में उचित आदेश जारी किए जायेंगे ?

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष मोहन देव) : (क) केंद्रीय सरकार द्वारा प्रदान किए जा रहे अनेक पुरस्कारो, प्रमाण-पत्रों तथा पदकों पर राजभाषा हिन्दी का प्रयोग किया जाता है । कुछ पुरस्कारो इत्यादि में हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं अथवा केवल अंग्रेजी का प्रयोग हो रहा है ।

(ख) उपर्युक्त अभिप्राय के लिए राजभाषा के प्रयोग के बारे में एक रूपता लाने पर विचार किया जायेगा ।

Suicide cases in Delhi

777. SHRI GOPALARAO RAO: Will the Minister of HOME